# ऋषिकुल विद्यापीठ में प्रतिभा का प्रदर्शन किया



ऋषिकुल विद्यापीठ में सम्मनित बच्चों के साथ शिक्षक व अन्य। स्रोत : स्कूल

**सोनीपत (वि)।** ऋषिकुल विद्यापीठ में प्रार्थना सभा के दौरान नववर्ष का स्वागत किया गया। एनसीसी के छात्रों ने परेड की। विद्यार्थियों ने कविता, भाषण, गीत से प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय के चेयरमैन एसके शर्मा ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धा के युग में कठिन परिश्रम से ही लक्ष्य मिल सकता है। विद्यालय के निदेशक धीरज शर्मा ने अच्छे अंक लाने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक उमेश कुमार और उप प्रधानाचार्य कृति चौधरी ने शुभकामनाएं दीं।